# भील आदिवासी समाज सेवा समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कुप्रथाओं, बाल विवाह और दहेज, डीजे, दारू पर रोक लगाने की मांग**

**देवास ।** भील आदिवासी समाज सेवा समिति, जिला देवास द्वारा समाज में फैली विभिन्न कुप्रथाओं को समाप्त करने और कड़े नियम बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को एक सामूहिक आवेदन पत्र सौंपा गया है। समिति के अध्यक्ष ज्ञानसिंह अजनारे ने बताया कि प्रशासन से मांग की है कि समाज मे बाल विवाह, दहेज , शादियों में डीजे और शराब के खुलेआम सेवन पर तुरंत कानूनी रोक लगाई जाए। बाल विवाह और अवैध लेन-देन पर रोकरू समाज में कम उम्र (नाबालिग) में ही लड़के-लड़कियों के संबंध तय करने और लाखों रुपयों के अवैध लेन-देन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। ऐसा करने वाले दलालों पर कानूनी कार्रवाई हो।



## विशेष जांच टीम का गठन

महिला बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन और समाज सुधार समिति को मिलाकर एक विशेष टीम बनाई जाए जो नियमों को तोड़ने वालों पर भारी कानूनी जुर्माना लगाए। भील समाज सुधार समिति ने चेतावनी दी है कि दहेज, डीजे, दारू और समाज की नियमावली का पालन नहीं करने वालों पर प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करे ताकि गरीब परिवारों को आर्थिक और मानसिक शोषण से बचाया जा सके। डीजे पर रोक माननीय सुप्रीम कोर्ट के नियमों के अनुसार डीजे को पूरी तरह से बंद करने का अनुरोध किया गया है। इस अवसर पर मेहताब निनामा, मदन बामनिया ,जायमल लहरिया दवल वास्केल, मुकेश डावर, बाबूलाल डाबी, जीतेन्द्र अमलियार, गोपाल बुन्देला, श्याम रावत इत्यादी के अलावा सभी समाजजन उपस्थित रहे।

## झूठे आरोपों और वसूली के खिलाफ कार्रवाई

कुछ बिचौलियों द्वारा पैसों के लालच में बेटियों पर झूठे आरोप लगाकर जबरन वसूली की जा रही है। ऐसे दलालों पर तुरंत केस दर्ज कर सख्त कदम उठाए जाएं। डीजे, शराब और अभद्र व्यवहार पर प्रतिबंधरू शादियों और धार्मिक कार्यक्रमों में डीजे साउंड बजाने और शराब पीकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। गांव की छोटी दुकानों और स्कूलों के पास बिकने वाली शराब पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है।



# शहर में स्वच्छता के कार्यों को लेकर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

**देवास। मंगलवार 9 जून को निगम बैठक हॉल में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के संबंध में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ निगमायुक्त दलीप कुमार ने की समीक्षा बैठक। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।**

बैठक में आयुक्त ने दिए दिशा निर्देश शहर में शत प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं स्त्रोत पर ही कचरे का पृथक्कीकरण सुनिश्चित किया जाए, देर रात में खुले रहने वाले होटल, रेस्टोरेंट, ठेले वालों से गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाए, शहर मे स्थित बैकलेनों का सौदर्यीकरण कर उन्हें कचरा मुक्त किया जाए, कचरा पड़ाव स्थल एवं बर्निंग प्वाइंट की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, रहवासियों को गीला, सूखा एवं अन्य घरेलु हानिकारक कचरा के संबंध मे जागरूकता लाने हेतु कहा, शासकीय, अशासकीय स्कूलों में स्कुल संस्थापकों से समन्वय कर स्वच्छता के संबंध में जागरूकता गतिविधियां चलाऐं, व्यवसायिक क्षेत्रों में अमानक पॉलिथीन सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध हेतु जागरूकता अभियान चलाएं, सिंगल यूज प्लास्टिक व डिस्पोजल बेचने वालों को चिन्हित कर चालानी कार्रवाई करें, स्थानीय एनजीओ और सामाजिक संस्थाओं से स्वच्छता मिशन के संबंध मे जुड़कर जागरूकता अभियान चलायें, आरआरआर सेंटर पर फौकस रखते हुए रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल सेंटर का निरंतर संचालन किया जाए, जन जागरूकता के तहत स्वच्छ वायु पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए घरों की छत पर बागवानी को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाए, नागरिकों को श्माय देवासश् एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाए,

## एक नजर में

### मलवास की सोमवती अमावस्या पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालु धाराजी में `स्नान करने आ सकते हैं



**बागली।** मलमास में साल 2026 की पहली सोमवती अमावस्ष्या, 15 जून को आ रही है। इस दौरान धारा की स्थिति नर्मदा नदी में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। सनातन विचार मंच समिति के वरिष्ठ सदस्य गिरधर गुप्ता ने बताया कि घाट पर फिसलन भरी स्थिति होने की वजह से कोई बड़ी दुर्घटना नही घटे इसके लिए जनपद प्रशासन दो दिन पूर्व ही घाट की सफाई करवा दे इस काम में सनातन विचार मंच एवं सीता वन समिति भी सहयोग करेगी ।

कुछ उपाय करने से समस्याएं दूर होगी वैष्णव कथावाचक पंडित नरेंद्र वैष्णव ने बताया कि आने वाली सोमवती अमावस्या पर कुछ उपाय करने से दूर होंगे कष्ट-समस्ष्याएं सोमवती अमावस्ष्या को हिंदू धर्म में बहुत खास माना गया है ।इस साल की पहली सोमवती अमावस्ष्या जून में मलमास के समापन पर पड़ रही है। मलमास में साल 2026 की पहली सोमवती अमावस्ष्या, ये उपाय करने से दूर होंगे कष्ट-समस्ष्याएं साल 2026 का मलमास कई मायनों में खास है। एक तो यह ज्ष्येष्ठ महीने के बीच में आया है, जिससे ज्ष्येष्ठ मास के आमतौर पर 4 या 5 पड़ने वाले बड़ा मंगल अब 8 हो गए हैं। वहीं मलमास का समापन भी एक खास संयोग में हो रहा है। मलमास या अधिकमास की अमावस्ष्या सोमवार को पड़ रही है। जब अमावस्ष्या सोमवार को पड़ती है तो उसे सोमवती अमावस्ष्या कहते हैं। मलमास का आखिरी दिन सोमवती अमावस्ष्या ही है. यह दिन पितृ दोष समेत कई कष्ष्टों से निजात पाने के लिए विशेष है।

**सोमवती अमावस्ष्या 2026** -द्रिक पंचांग के अनुसार, अधिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 14 जून 2026, रविवार को दोपहर 12रू20 बजे से शुरू होकर अगले दिन 15 जून 2026, सोमवार को सुबह 08रू24 बजे समाष्प्त होगी. उदया तिथि के आधार पर सोमवती अमावस्या 15 जून को मानी जाएगी।

**सोमवती अमावस्ष्या के उपाय** -सोमवती अमावस्ष्या के दिन नर्मदा कृष्णा कावेरी गोदावरी यमुना गंगा आदी पवित्र नदियों में स्ष्नान करने का बड़ा महत्व है। इस दिन पवित्र नदियों में स्ष्नान करने, पितरों के लिए तर्पण और गरीबों को दान करने से पितृ दोष दूर होता है. पाप नष्ष्ट होते हैं। नकारात्ष्मकता दूर होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर आयोजित

**बागली।** विकासखंड बागली में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित नागर के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित किया गया बागली शिविर में 174 गर्भवती माता का रजिस्ट्रेशन किया गया शिविर में उपस्थित गर्भवती माता को डॉक्टर मनोज पाटीदार स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ मेडिकल डॉक्टर हेमंत पटेल डॉक्टर अमित पुरोहित एवं अमलतास की टीम द्वारा सभी गर्भवती माता की जांच कर जांच 16 उच्च जोखिम वाली गर्भवती की पहचान कर उनका उपचार किया शिविर में आने वाली 38 गर्भवती माता की निशुल्क सोनोग्राफी की



गई एव शिविर में आने वाली वाली गर्भवती माता को पोषण सुरक्षित प्रसव परिवार नियोजन एवं नवजात शिशु देखभाल संबंधित जानकारी दी गई शिविर का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना एवं सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देना शिविर को सफल बनाने में बी ई ई आर एस चौहान नर्सिंग ऑफिसर योगिता योगी अंजू पठारी जितेंद्र केरवाल राजकुमार भगोले बालमुकुंद नागर राजेश देवड़ा ममता टकरावदिया संपत खेरवार एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# गाय बछिया के साथ नर्मदा परिक्रमा कर रहे संत पिपरी नर्मदा मंदिर पहुंचे

**बागली/पिपरी।** नर्मदा नदी की पैदल परिक्रमा के दौरान बाबा ( दिगंबर )बजरंग पुरी अघोरी गुरुवार को पिपरी स्थित मन कामनेश्वरी नर्मदा मंदिर, परिसर पहुंचे। बाबा के गाय और उसका बछीया भी परिक्रमा कर रहे है । बाबा (दिगंबर )बजरंग पुरी ने बताया कि उन्होंने 23 जनवरी को बरमान (जिला जबलपुर से)घाट से माँ नर्मदा की परिक्रमा आरंभ की । परिक्रमा के दौरान विभिन्न तीर्थ एवं आश्रमों में पहुंचकर वे गौ सेवा और सनातन संस्कृति का संदेश देते चल रहे हैं। पिपरी स्थित आश्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बाबा ने कहा कि जिस घर, परिवार या आश्रम में गौ माता



को पहली रोटी अर्पित की जाती है ।वहां सभी देवी-देवताओं को भोग लगाने का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में गौ सेवा सबसे श्रेष्ठ सेवा है ।तथा गौ माता की सेवा से समस्त देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है।

सनातन सेवा आश्रम पहुंचने पर नर्मदा भक्त गिरधर गुप्ता, गौ सेवक डॉ. सुरेंद्र मिश्रा, अंकित महाजन, लाला ड़ावर, कमल तंवर, सखाराम भार्गव सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पैदल परिक्रमा कर रहे बाबा का स्वागत किया तथा उनके साथ चल रही गौ माता एवं बछिया का विधिवत पूजन-अर्चन किया।

# प्लाउडन रोड पर क्षतिग्रस्त चेंबर का ढक्कन बना खतरा

**महू.** शहर के प्लाउडन रोड स्थित एक चेंबर का लोहे का ढक्कन क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है. ढक्कन का एक हिस्सा टूटकर खुला पड़ा है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है. स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को इस खुले हिस्से के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विशेष रूप से रात के समय यहां से निकलना और अधिक जोखिमपूर्ण हो जाता है, क्योंकि अंधेरे में क्षतिग्रस्त ढक्कन दिखाई नहीं देता. क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन की छोटी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है. उन्होंने संबंधित विभाग और शासन-प्रशासन से मांग की है कि चेंबर के ढक्कन की तत्काल मरम्मत कर उसे सुरक्षित किया जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

# पांच जुलाई को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की मांग, जून में रहती है तेज गर्मी

**जून की गर्मी में नया पौधा लगाते ही सूखने की अधिक संभावना**

**महेश साहू**

**कन्नौद ।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून की तारीख विश्व के अन्य देशों में तो पौधारोपित करने को उपयुक्त हो सकती है, लेकिन भारत के लिए यह भीषण गर्मी का दिन बिल्कुल ही उपयुक्त नहीं है। भारत में पर्यावरण दिवस एक माह बाद 5 जुलाई को मनाया जाना उचित होगा ।कब तक हम विश्व का पिछलग्गू बनते रहेंगे?

एक पर्यावरण प्रेमी ने बताया कि विश्व का पर्यावरण दिवस 5 जून कैलेंडर का वह दिन, जब देश का हर सरकारी और गैर-सरकारी विभाग अचानक प्रकृति प्रेमी हो जाता है।

## सूर्य नारायण का प्रकाश बरपाता है कहर

जून की शुरुआत का मतलब है सूरज देवता का रौद्र रूप और खौलता हुआ पारा। इस मौसम में तो पहले से लगे पेड़ों की भी पत्तियां गिराकर त्राहिमाम कर रही होती है... ऐसे में सोचो नर्सरी से लिए पौधे सीधे 45 डिग्री की जलती हुई भट्टी जैसी जमीन में गाड़ दिया। यह पौधारोपण नहीं है साहब। यह तो उस नन्हे पौधे को सीधे शहादत के लिए बॉर्डर पर भेजने जैसा है ।शाम होते-होते वह बेचारा पानी के अभाव में और गर्मी के थपेड़ों से झुलसकर दम तोड़ देता है,अगले हफ्ते तक वहां सिर्फ सूखी मिट्टी और एक खाली ट्री-गार्ड बचता है। चूंकि जमाना डिजिटल है और बिना फोटो के कोई पुण्य मान्य नहीं होता तो क्यों न इस बार परंपरा मैं कुछ बदलाव किया जा सकता है। 5 जून को नया पौधा न लगाते हुए पिछले साल जो पौधे शहीद होने से बच गए थे,उन्हें पानी देते हुए एक शानदार सेल्फी ली जाए। यह भी तो पौधारोपण ही माना जाना चाहिए।

# जनकल्याण शिविर का होगा आयोजन

**महू.** प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए जनपद पंचायत डॉ. अम्बेडकर नगर महू द्वारा 12 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर एसडीएम कार्यालय महू में विधायक सुश्री उषा ठाकुर के आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा. शिविर में जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय की उपस्थिति में समस्त ग्राम पंचायतों के जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर लाभांवित किया जाएगा. इस अवसर पर राज्य सरकार की विकास एवं प्रगति की प्रदर्शनी जन सम्पर्क विभाग के सहयोग से आयोजित की जाएगी. वहीं, शिविर में सफलता की कहानी, चित्रकला प्रतियोगिता एवं लाभार्थियों के अनुभव साझा करना जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ डॉ. द्वारा समस्त सचिवों को छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को शिविर में लाने के लिए आदेशित किया गया है.

# सिविल अस्पताल पुराने भवन में विद्युत सप्लाई बंद होने के बाद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं, नए भवन में सभी सुविधा

**सोनकच्छ।** नगर के सरकारी अस्पताल में मंगलवार को दोपहर बिजली गुल होने से मरीजों को खासकर गर्भवती महिलाओं को परेशानी हुई। बुधवार दोपहर करीब 15 से 20 मिनट विद्युत सप्लाय बंद रही। जिसका सीधा असर सबसे ज्यादा सिविल अस्पताल पर पड़ा। अस्पताल में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ वर्षा नानेरिया के पास महिला मरीजों की भीड़ थी। बिजली नहीं होने के कारण उन्होंने बंद लाइट में गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। उमस और गर्मी ने मरीजों की परेशानी और बढ़ा दी। इस दौरान करीब 50 से ज्यादा महिलाएं मौजूद थीं। अस्पताल परिसर में साइलेंट जनरेटर खराब होने के कारण कई वर्षों से बंद पड़ा है।



इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लाखों रुपए की लागत से लगे सोलर पैनल भी महीनों से बंद हैं। बारिश के मौसम में सुरक्षा कारणों से सप्लाय बंद करनी पड़ सकती है। ऐसे में मरीजों और आमजन ने वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। अस्पताल परिसर में सर्व सुविधायुक्त नया भवन तैयार है। वहां 24 घंटे बिजली की सुविधा है। इसके बावजूद न तो ओपीडी वहां संचालित हो रही है, न ही लैब। जबकि सभी जरूरी सेवाएं वहां आसानी से चलाई जा सकती हैं। इधर बता दें कि, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच सुरक्षित मातृत्व से संबंधित आवश्यक जानकारी के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं अस्पताल पहुंची थी।

# मन्नत पूरी होने पर धाराजी नर्मदा नदी में श्रद्धालुओं ने ओढ़ाई 321 मीटर की चुनरी

**बागली/पिपरी।** देवास मुख्यालय से पिपरी के निकट धारा जी नर्मदा तट पर आए कावड़ यात्रियों ने अपनी मानता पूर्ण होने पर विशेष पूजन-अर्चन करते हुए मां नर्मदा को 321 मीटर लंबी चुनरी ओड़ाकर मां का श्रंगार किया मंगलवार को

देवास निवासी रवि सोलंकी, अखिलेश जाधव, गिरधर माहेश्वरी एवं संदीप जाधव 50 सेअधिक परिजनों और साथियों के साथ पवित्र धारा जी नर्मदा तट पर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से मां नर्मदा का पूजन-अर्चन किया तथा 321 मीटर लंबी चुनरी मां नर्मदा को नांव द्वारा



इस पार से उस पार तक पहनाते हुए मान पुरी की इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 21 किलो हलवे एवं मिठाई का भोग चढ़ाया धार्मिक कार्यक्रम के पश्चात भोजन भंडारे का आयोजीत किया गया इस दौरान स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ नर्मदा तट पर दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों ने भी भोजन ग्रहण किया।

# मुरमिया बड़ा में श्मशान घाट सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम

**देवास।** सोनकच्छ जनपद के ग्राम मुरमिया बड़ा में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बनेसिंह अस्ताया द्वारा जिला पंचायत निधि से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर 2.10 लाख रुपये की लागत से श्मशान घाट में पार्क निर्माण विकास कार्य, 1 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी निर्माण एवं 3 लाख रुपये की लागत से मांगलिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं बड़ी



संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया। श्री अस्ताया ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी जनहित के कार्य प्राथमिकता के साथ कराए जाएंगे।

# डॉ. राजेश पाटीदार व डॉ. हेमलता पाटीदार राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित

**महू.** श्री एकेडमी ने शिक्षा जगत में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है. संस्था को इंडियन एजुकेशन समिट 2026 में प्रतिष्ठित एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया. वहीं विद्यालय की प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रिंसिपल ऑफ द ईयर 2025-26 सम्मान प्रदान किया गया. इंदौर में आयोजित सम्मान समारोह में देशभर के शिक्षाविद, शिक्षा विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे. समारोह में डॉ. राजेश कुमार पाटीदार ने संस्था की ओर से एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2026 प्राप्त किया, जबकि डॉ. हेमलता पाटीदार को प्रिंसिपल ऑफ द ईयर सम्मान से अलंकृत किया गया. इस उपलब्धि पर पाटीदार दंपत्ति ने विद्यालय के समर्पित शिक्षकगण, विद्यार्थियों, अभिभावकों, सहयोगी संस्थाओं एवं सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है. वहीं, डॉ. राजेश पाटीदार एवं डॉ. हेमलता पाटीदार की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मप्र पाटीदार समाज संगठन, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट, इनरव्हील क्लब ऑफ महू कैंट सहित क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के साथ ग्रामीणजन ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं.

# देवास नगर निगम पर हाथ से मैला उठवाने के आरोप, 7 दिन में जांच के निर्देश

**देवास।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया के देवास दौरा कार्यक्रम के दौरान प्राप्त एक शिकायत के आधार पर नगर निगम देवास के अधिकारियों के विरुद्ध जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों का नियोजन एवं प्रतिषेध अधिनियम, 2013 लागू होने के बावजूद नगर निगम देवास में कार्यरत सफाई कर्मचारियों तथा आउटसोर्स कर्मचारियों से बिना सुरक्षा उपकरणों के नालों, नालियों एवं चेंबर लाइनों की सफाई कराई जा रही है। आरोप है कि कर्मचारियों पर कार्य से हटाने का दबाव बनाकर उनसे हाथ से मैला उठाने जैसा कार्य कराया जा रहा है। शिकायत के साथ वीडियो एवं फोटो साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अधिनियम-2013 की संबंधित धाराओं एवं प्रावधानों की प्रतियां संलग्न कर यह उल्लेख किया गया है कि यदि किसी निकाय या संस्था में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों का नियोजन पाया जाता है तो उसके लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार होंगे तथा कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन अधिकृत है। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने जिला कलेक्टर देवास को निर्देशित किया है कि शिकायत की 7 दिवस के भीतर जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# बहन से मिलने ससुराल पहुंचे भाई-भाभी से मारपीट

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कैलोद करताल में बहन से मिलने पहुंचे भाई-भाभी के साथ ससुराल पक्ष ने मारपीट कर दी. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि रेती मंडी निवासी श्याम तंवर अपनी पत्नी शिवानी के साथ बहन भारती से मिलने उसके ससुराल पहुंचे थे. यहां पारिवारिक बात को लेकर विवाद हो गया. इसी दौरान ससुर किशोर मंगोलिया, जेठ प्रिंस मंगोलिया और पति सुमित मंगोलिया ने दंपत्ति से मारपीट की. प्रिंस ने डंडे से हमला किया, जबकि अन्य ने लात-घूंसों से पिटाई की. पीड़ित दंपत्ति किसी तरह मौके से बचकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई.

## एक नजर में

**प्रशस्ति पत्र समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर को भेंट किया**

# देवास जिले ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर लक्ष्य से अधिक धनराशि जुटाई

**देवास।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस (2024-25) में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए लक्ष्य से अधिक धनराशि एकत्रित की है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस वर्ष 2024-2025 में देवास जिले ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई लक्ष्य राशि 9,05,100 रुपए से अधिक राशि 10,71,100 रुपए सैनिकों के कल्याण के लिए एकत्रित की है जो कि लक्ष्य राशि का 118 प्रतिशत है। यह राशि पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास



में संचालनालय सैनिक कल्याण म.प्र.भोपाल द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उपयोग में ली जाती है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं योगदान के लिए राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 2026 को राजभवन में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। कलेक्टर देवास की ओर से जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने ग्रहण किया। उक्त प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने मंगलवार को समयसीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह को भेंट किया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के समस्त दानदाताओं, अधिकारीगण एवं कलेक्टर का सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में भरपूर सहयोग के लिए आभार एवं कृतज्ञता प्रगट की।